प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 25.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए आज सुबह श्रीनगर पहुंचें उनका दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में बैसरन वन गांव में पहलगाम हमला स्थल का दौरा करने की संभावना हैं सेना प्रमुख को श्रीनगर स्थित 15वीं कोर की सेना के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ सुरक्षा स्थिति और क्षेत्र में आतंकवादियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई की जानकारी दे रहे हैं इसके साथ ही नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिशों के बारे में जानकारी दे रहे हैं

0000

केंद्रीय श्रम मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष फरवरी में कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत 15 लाख 43 हजार नए कर्मचारियों को जोड़ा गया हैं मंत्रालय ने कहा कि कुल कर्मचारियों में से सात लाख 36 हजार कर्मचारी 25 वर्ष तक की आयु वर्ग के हैं कर्मचारी राज्य बीमा निगम के आंकड़ों के अनुसार फरवरी महीने में 23 हजार से अधिक नए प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया हैं

0000

पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार कल किया जायेगां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इसमें भाग लेंगीं वे आज सुबह वेटिकन सिटी के लिए रवाना हो गईं उनके साथ संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डीसुजा भी हैं विदेश मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रपति आज सेंट पीटर बेसिलिका में पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगीं राष्ट्रपति कल उनके अंतिम संस्कार में शामिल होंगीं इसमें विश्व भर के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगें अंतिम संस्कार के अवसर पर कल भारत में भी राजकीय शोक रहेगां इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगां पोप फ्रांसिस का इस महीने की 21 तारीख को निधन हो गया थां

0000

शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा है कि शिक्षा विभाग में जिला शिक्षा अधिकारियों की सीधी भर्ती की कवायद जल्द शुरू की जायेगीं उन्होंने अधिकारियों को इसके निर्देश दिए हैं श्री दिलावर ने कल माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में प्रारम्भिक और माध्यमिक शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक में ये बात कहीं उन्होंने अधिकारियों को मॉनसून के दौरान अभियान चलाकर एक 25 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य दियां इस अभियान के तहत हर विद्यार्थी की ओर से 10 और स्कूल के प्रत्येक कार्मिक की ओर से 15 पौधे रोजाना लगाये जायेंगें श्री दिलावर ने संभाग स्तर पर खोले गए सैनिक स्कूल इसी सत्र से शुरू करने के निर्देश दिएं स्कूलों में सूर्य नमस्कार की नियमित मॉनिटरिंग करने को भी कहां

00000

रणथम्भौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर जाने वाले मार्ग दर्शनार्थियों के लिए आज से एक बार फिर मार्ग पर यातायात व्यवस्था शुरू हो गई हैं इस मार्ग पर चौपहिया वाहनों को प्रवेश की अनुमति दी गई हैं दुपहिया वाहन और पैदल आने–जाने वालों पर पाबंदी रखी गई हैं दो पहिया वाहन और बाहर से आने वाले वाहन हैलिपैड तिराहे के पास पार्किंग में अपने वाहन खड़े कर सकेंगे तथा यहीं से त्रिनेत्र गणेश मंदिर के लिए टैक्सियां उपलब्ध रहेंगीं गौरतलब है कि 16 अप्रैल को बाघ के हमले से एक बालक की मृत्यु की घटना के बाद इस मार्ग पर यातायात पर रोक लगाई गई थीं

0000

दूसरी एशियाई योगासन प्रतियोगिता आज से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में शुरू हो रही हैं योगासन भारत द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 27 तारीख तक चलेगीं इसमें 21 एशियाई देशों के 170 से अधिक एथलीट भाग ले रहे हैं यह आयोजन योगासन को वैश्विक खेल के रूप में बढ़ावा देने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा हैं

00000

आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज चेन्नई सुपर किंग्स का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगां ये मैच चेन्नई के एमएम चिदंबरम स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगां इससे पहले कल एक अन्य मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से हरा दियां रॉयल चैलेंजर्स के खिलाडी जोश हैज़लवुड को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गयां

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम इस रविवार को होगां आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगीं इसके लिए श्रोता आज तक अपने सुझाव भेज सकते हैं इन्हें टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 के माध्यम से दिया जा सकता हैं वहीं नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं

0000